गोलालारीय समाज का मुखपत्र

RNI No. MPHIN/2008/26873
No. MP/IDC/1252/2021-2023

सेवा में,

golalariya.darshan@gmail.com
गोलालारीय दर्शन यहां भी देख सकते है –
www.golalariya.com
9406744064

मासिक गोलालारीय दर्शन

सफलता के 12 वर्ष

लेट पोस्टिंग

अपनों के साथ अपनी बातें

जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं । हृदय नहीं वह पत्थर है, जिसको समाज से प्यार नहीं ।

वर्ष : 12 अंक : 10 पृष्ठ संख्या : 20 माह – 15 अगस्त 2021 सहयोग राशी 1100/– देकर सदस्य बनें ।

चातुर्मास कलश स्थापना सानंद संपन्न...

जबलपुर, अरविंद जैन बाकल । आचार्य श्री विद्यासागर महाराजजी के जबलपुर मे मंगल प्रवेश पश्चात आज आयोजित भव्य समारोह में आचार्य श्री के चातुर्मास कलश की स्थापना सानंद पूर्ण हुई है । इस मंगल अवसर पर अनेकों श्रद्धालु बंधुओं द्वारा मंगल कलश की स्थापना के साथ साथ कमेटी द्वारा 1000 सामान्य कलशों की स्थापना करने का निर्णय लिया गया है जिन्हें धर्म सभा में उपस्थित अनेक बंधुओं ने सानंद कलश स्थापना कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर आचार्य ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि, दिगम्बर मुनि 4 माह के लिए एक स्थान पर सीमित साधनों से आत्म साधना का संकल्प लेते हुए समय व्यतीत करते हैं यह संकल्प हमने ले लिया है । अब आप भी संकल्प लें इन 4 माह में आत्म साधना करें और अहिंसा संकल्प का पालन करें । सुख, शांतिपूर्वक हिंसा से दूर रहे । हमें यह दुर्लभ जीवन मिला है हम इसका पालन शत प्रतिशत अहिंसा मार्ग अपनाकर करें और बच्चों को भी अच्छे संस्कार दें। माता–पिता के संस्कारों के कारण ही बच्चे संस्कारित होते है । आज छोटे–छोटे बच्चे संकल्पित होकर आहार देने को तत्पर होते है । यह आपके ही संस्कार हैं, बच्चों के चरित्र का प्रारंभ बचपन से होता है इनका आपको ध्यान रखना है । बच्चों का लालन पालन शाकाहारी और प्रभु आराधना वाले घर में हुई है इसीलिए यह बच्चे भी संस्कारित हुए है । बच्चों को जो संस्कार दिए जाते हैं वह आगे जाकर संसार के सामने सद्गुणों के साथ प्रकट होते हैं, यह बताते है कि धर्म क्या है और संस्कार क्या होते है। जब बच्चा 8 वर्ष का होता है और आपके साथ चलने लगता है तब से ही संस्कार की नींव रखी जाती है ।

आचार्य श्री जी ने हथकरघा द्वारा निर्मित वस्तुओं का महत्व बताते हुए कहा कि गांधी जी ने कहा था कि हथकरघा जीवन मंत्र है । आज अहिंसक रूप से निर्मित वस्त्र हथकरघा से ही निर्मित हो सकते हैं । दिव्यांग बंधु हथकरघा से ऐसी कलाओं का निर्माण कर रहे हैं जिस पर कोई विश्वास नहीं कर सकता । गांव की महिलाओं, बेटी हथकरघा की विश्व स्तरीय वस्तुओं का निर्माण कर रहे हैं और आत्म सम्मान प्राप्त कर रहे हैं । आचार्य श्री ने आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद 3000 से 4000 वर्ष पूर्व का ज्ञान है । यह आयुर्वेद के ग्रंथों में लिखा गया है और इसके प्रत्येक शब्द प्रत्येक लाइन पर उस समय शोध किया गया था, जो आज भी निरंतर जारी है । गत 2 वर्षों में जो महामारी आई उसमें भी आयुर्वेद की महत्ता प्रमाणित हुई है । शेष पृष्ठ क्र..2

संपादकीय...

बस, अब और नहीं ।

हाँ अब इस बात पर अमल करने का समय आ गया है । वर्तमान परिस्थिति में जहां अनेक सामाजिक व धार्मिक पत्र पत्रिकाएं आर्थिक कारणों से बंद हो रही है, तब हमें गोलालारीय समाज के एकमात्र मुख पत्र "**गोलालारीय दर्शन**" पत्रिका के निरंतर प्रकाशन और पत्रिका के आजीवन सदस्यों के हितार्थ यह कठोर निर्णय लेना पड़ रहा है । गोलालारीय दर्शन पत्रिका गत 12 वर्षों से 4386 परिवारों तक निरंतर पहुंचाई जा रही है (कोरोना काल को छोड़कर) हमारा हर संभव प्रयास रहा है कि गोलालारीय समाज की सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों को समाज के सम्मुख रखने के दायित्व को हम पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करे ।

इस पत्रिका के माध्यम से हमने गोलालारीय समाज को एक सूत्र में बांधकर समग्र जैन समाज में अपने समाज का सम्मानपूर्वक प्रतिनिधित्व कर गौरवशाली स्थान पर स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । पत्रिका में धार्मिक और सामाजिक कार्यों की सूचनाओं को प्रमुखता से प्रकाशित किया है, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले सदस्यों के साथ हमने शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभावान विद्यार्थियों, तप साधना करने वाले श्रावक, खेलकूद या अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का सचित्र विवरण प्रकाशित कर उनका हौंसला बढ़ाकर उनकी उपलब्धियों को समाज के सम्मुख रखने की अपनी जिम्मेदारी को सहर्ष निभाया है ।

गत सात वर्षों से विवाह योग्य प्रत्याशियों की जानकारी गोलालारीय दर्शन के माध्यम से सुलभतापूर्वक उपलब्ध कराने के साथ ही **'प्रयास' संबंधों को जोड़ने का..** पुस्तिका के माध्यम से 3 राष्ट्रीय स्तर की पत्रिका का प्रकाशन भी किया है, जिससे गोलालारीय समाज के काफी परिवार लाभांवित हुए है । इस पुस्तिका से लगभग 100 से अधिक संबंध तय हुए है ।

हमारे पास दर्ज 4386 गोलालारीय परिवारों में से मात्र 47 परिवार द्वारा ही ₹ 5000 से अधिक की राशि सदस्यता के रुप में जमा हुई । ₹ 2000 से ₹ 4900 तक की राशि जमा करने वाले सदस्य 63 है इस तरह से 2000 से अधिक राशि देने वाले सदस्य 110 ही है जो गोलालारीय दर्शन पत्रिका का लाभ लेने वाले परिवारों का मात्र 4% से भी कम है । इस आंकड़े पर अब हमे विचार करना है कि क्या गोलालारीय समाज में सिर्फ 4% परिवार ही ₹ 2000 से अधिक की राशि अपनी मातृसंस्था की एकमात्र पत्रिका के लिए सहयोग देने में सक्षम है । यह आंकड़ा हम सभी को अचंभित करता है कि हम आज भी अपने उक्त 110 परिवारों को छोड़कर समाज के प्रति कुछ भी समर्पण करने का भाव नहीं बना पाये है । हम इन 110 परिवारों का हृदय से अभिनंदन करते हुए आभार मानते है जिन्होंने समाज की पत्रिका को जीवंत रखने के लिए आर्थिक सहयोग दिया । ₹ 1000 से ₹ 1900 तक मात्र 92 परिवारों से सदस्यता शुल्क प्राप्त हुआ । ₹ 25 से ₹ 1000 तक 171 लोगों ने सदस्यता शुल्क देकर पत्रिका को आर्थिक सहयोग दिया है । इस तरह सदस्यता ग्रहण करने वाले कुल 373 परिवार है, जो प्रेषित की जाने वाली गोलालारीय दर्शन पत्रिका का 9% से भी कम है । क्या हमें इन आंकड़ों पर विचार नहीं करना चाहिये ? पत्रिका की कार्यकारिणी बैठक में लिये गये निर्णयानुसार इस अंक के पश्चात गोलालारीय दर्शन पत्रिका सिर्फ उन्हीं परिवारों को भेजी जावेगी जिनके द्वारा सदस्यता शुल्क नियमानुसार जमा होगा । हमने समय समय पर पत्रिका की सदस्यता बढ़ाने का प्रयास भी किया परंतु हमारी समाज के अधिकतर परिवारों द्वारा इसको गंभीरता से नहीं लिया । जिस आशा के साथ हमने सोचा था कि समाज के अनेक सक्षम परिवार आगे बढ़कर हमें सहयोग देंगे परंतु वह आशातीत सफलता हमें नहीं मिल पाई । हम बिना आर्थिक संबल के इस पत्रिका को निरंतर प्रकाशित व संचालित करने में अब अपने को असहज महसूस कर रहे है ।

पत्रिका में प्रकाशित विवाह विज्ञापन व बायोडाटा के द्वारा जो आय होती है वह एक अंक के खर्च के अनुपात से काफी कम है । कई सक्षम परिवार मांगलिक प्रसंग के विज्ञापन देने में झिझक महसूस करते हैं जबकि उन्हें ऐसे पुनीत अवसरों को स्मरणीय बनाये रखने के लिए अपनी समाज के लिए कुछ तो समर्पण करना चाहिए । लाखों रुपये विवाह समारोह पर खर्च करने वाले परिवार विवाह समारोह की सुनहरी यादों को विज्ञापन के रुप में समाज की एकमात्र पत्रिका में प्रकाशित कर दो पांच हजार की छोटी सी सहयोग राशि देने के लिए भी मन नहीं बना पाते है । रविवार को अपने परिवार पर एक दो हजार रुपये खर्च करने वाले व धार्मिक व विवाह समारोह पर लाखों खर्च करने वाले परिवार समाज के प्रति अपने छोटे से दायित्व को क्यों भूल जाते है ? क्या समाज के प्रति उनका कोई जिम्मेदारी नहीं बनती है ? क्या हम अभी भी इसी विचारधारा से जकड़े हुए है कि समाज ने हमारे लिये क्या किया ? तो थोड़ा सा यह भी विचार करें कि बिना आपके आर्थिक सहयोग के गोलालारीय दर्शन पत्रिका ने पिछले 12 वर्षों से इसी उम्मीद से साथ जोड़े रखा है कि कभी तो

शेष पृष्ठ क्र. 2 पर...

परामर्श प्रमुख

श्री जिनेन्द्रकुमारजी जैन, अहमदाबाद
श्री प्रदीपकुमार जैन, रायपुर

प्रधान संपादक
सिंघई राजेन्द्र जैन 'बागो', 9424013136

सह संपादक
श्रीमती अनुपमा-रजनीश जैन, 9009066884
श्रीमती साधना-सुनील जैन, 8602696165
श्री विशाल जैन, 9453167716

कोषाध्यक्ष
सुधेशकुमार जैन, 9827254111

प्रबंध संपादक
राजेन्द्रकुमार जैन, सायकलवाले 9425353972
खुशालचंद जैन, 9302123879
कोमलचंद जैन, 9329524227

संयोजक एवं प्रकाशक
बाहुबली जैन, 9827247847

समाज के श्रेष्ठीजनों से पुन: सादर अनुरोध है कि समाज की एकमात्र सामाजिक पत्रिका गोलालारीय दर्शन के निरंतर प्रकाशन के लिए आप शिरोमणि संरक्षक, परम संरक्षक, संरक्षक, विशेष सहयोगी बनकर पत्रिका को आर्थिक संबल प्रदान करें।

शिरोमणि संरक्षक, परम संरक्षक अपना संक्षिप्त परिचय सपत्नीक फोटो सहित एवं संरक्षक तथा विशेष सहयोगी सदस्य अपना संक्षिप्त परिचय फोटो सहित भेजे ताकि प्रकाशन किया जा सके।

सदस्यता शुल्क

शिरोमणि संरक्षक (अ.जा.)	21000/-
परम संरक्षक (अ.जा.)	11000/-
संरक्षक (अ.जा.)	5100/-
विशेष सहयोगी (अ.जा.)	2100/-
सहयोगी सदस्य	1100/-
सहयोग राशि	500/-

आप 'गोलालारीय दर्शन' के बैंक खाते में सहयोग राशि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाता क्रं. 63048875855 IFSC Code: SBIN0030134 में चेक द्वारा ही जमा कर स्लीप की फोटोकॉपी व अपना नवीन फोटो मय जानकारी के हीरालाल एण्ड संस, 16 महारानी रोड व कार्यालय पते पर अवश्य भेजें ताकि आपको रसीद भेज कर आपका विवरण प्रकाशित किया जा सके।
नोट – 8 मार्च 2014 से अन्य शहरों से जमा की जाने वाली राशी पर बैंक शुल्क न्यूनतम 50 रु. कर दिया है।

अत: बायोडाटा शुल्क मल्टीसिटी चेक के द्वारा ही पत्रिका के पते पर भेजे।

विज्ञापन दर (कलर)

अंतिम पेज	15000/-
फुल पेज (अंदर)	11000/-
1/2 पेज	5000/-
1/4 पेज	3000/-
मांगलिक बधाई फोटो सहित	2000/-
शोक संदेश फोटो सहित	1000/-
बॉयोडाटा फोटो सहित	350/-

बायोडाटा, समाचार व अन्य कोई जानकारी पत्रिका में प्रकाशित करने हेतु गोलालारीय दर्शन 64, न्यू देवास रोड़, इन्दौर अथवा श्री राजेन्द्रकुमार जैन हीरालाल एण्ड संस, 16 महारानी रोड़, इन्दौर पर भेंजे।

आपके मन में अपनी समाज के लिए सहयोग की भावना जागृत होगी परंतु शायद हमारी यह आशा निरर्थक साबित हुई, अब हम यह विचार क्यों न करे कि हमने अपनी समाज के लिए क्या किया ? 12 वर्षों के उपरांत भी यदि आप 5100 या 2100 रुपये राशि सदस्यता के रुप में देने का मन नहीं बना पाते है तों आप ही सोचिए कि हम पत्रिका का संचालन आर्थिक सुदृढ़ता के अभाव में किस तरह से कर सकते है । ऐसा नहीं है, कि आपको पत्रिका सदस्यता शुल्क देने की जानकारी ना हो प्रेषित किए जाने वाले **गोलालारीय दर्शन पत्रिका** पर आपके पते के स्टीकर पर सदस्यता शुल्क की जानकारी अंकित रहती है। आज का गोलालारीय समाज 20 वर्ष पूर्व जैसा गोलालारीय समाज नहीं रहा है हमारे परिजनों की कड़ी मेहनत और श्रीजी के आशीर्वाद से अधिकतर परिवार बहुत संपन्न हो गये है । परिवारों की आर्थिक स्थिति पहले जैसी नहीं रही है कई सक्षम व्यापारी हैं तो कई प्रतिष्ठित संस्थाओं में कार्यरत है फिर भी अपनी मातृसंस्था के प्रति हमारी सोच अभी भी बदल नहीं पा रही है इन संस्थाओं को सशक्त व आर्थिक रुप से सुदृढ़ बनाने के लिए हम अपना मन ही नहीं बना पाते है ? हमें अपने दिल पर हाथ रख यह विचार अवश्य करना चाहिए कि क्या गोलालारीय समाज के परिवारों को अपने समाज से कोई लगाव नहीं है ? क्या हम चाहते है कि समाज का एकमात्र मुखपत्र गोलालारीय दर्शन का प्रकाशन समाज हित में निरंतर होता रहे और सभी परिवारों तक पूर्वानुसार पत्रिका भेजी जाती रहे तो अब हमें अपने मन और मस्तिष्क को उदार कर आर्थिक सहयोग देने की पहल करना ही पड़ेगी ।

जिन परिवारों ने हम पर भरोसा रख आजीवन सदस्यता की राशि जमा कराई है हम उनके साथ धोखा नहीं कर सकते हैं पत्रिका को बीच में बंद कर उनके विश्वास को हम ठेस नहीं पहुंचा सकते है। यही सोचकर हमने पत्रिका के लाभ से उन परिवारों को वंचित करने का फैसला किया है जिनके द्वारा नियमानुसार सदस्यता शुल्क जमा नहीं है यह सही भी है कि सुविधाओं का लाभ उन्हें ही प्राप्त होना चाहिए जिन्होंने सहयोग राशि दी हैं अन्यथा नि:शुल्क व निरंतर पत्रिका भेजने वाली संस्थाएं या ता बीमार पड़ जाती है या वक्त से पहले ही खत्म हो जाती है । हम गोलालारीय समाज के इस सम्मान को ना तो बीमार पड़ने देना चाहते है और ना ही कभी खत्म होने देना चाहते है । यही कारण है कि हमने इतना कठोर कदम 'गोलालारीय दर्शन' पत्रिका को अमिट बनाने के लिए लिया है।

– राजेन्द्र जैन 'बागो'

हार्दिक बधाईयाँ

डॉ. अर्पित जैन, का चयन संघ लोक सेवा से भारतीय पुलिस सेवा (IPS) में हरियाणा कैडर के लिए हुआ । श्री अर्पित वर्तमान में हिसार के पुलिस अधीक्षक (SP) के पद पर कार्यरत है । इसी वर्ष उन्हें देश के 50 सर्वश्रेष्ठ कप्तानों की सूची में शामिल किया गया । आप भोपाल निवासी डॉ. ज्ञानेशकुमार-डॉ. ममता जैन के सुपुत्र है । आपकी स्कूली शिक्षा प्रसिद्ध जैन तीर्थ मक्सीजी एवं भोपाल में संपन्न हुई । वाराणसी हिंदू विश्वविद्यालय से एम.बी.बी.एस. करने के पश्चात एम.एस. के अध्ययन के दौरान ही आपका चयन हो गया था ।

आई पी एस अधिकारी **श्रीमती डॉ. अंशु जैन** वर्तमान में फरीदाबाद के डिप्टी पुलिस कमिश्नर के तौर पर देश की सेवा कर रही है । आप डॉ. अर्पित की धर्मपत्नी है । डॉ. अर्पित और आप अपने काम के साथ साथ जीव दया एवं धार्मिक कार्यों में भी समर्पित है ।

सीए आदर्श जैन
आप भोपाल निवासी संध्या-अरविंद जैन के सुपुत्र सीए आदर्श जैन ने नवम्बर 2020 में सीए उत्तीर्ण किया । आपने 4 प्रयास किये । आपकी स्कूली शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय नं. 2, भोपाल से हुई ।

आदर्श जैन सुपुत्र श्री रविन्द्र जैन रेलवे सीटीआई झांसी का चयन यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय इंजीनियरिंग सेवा(आईईएस) में हुआ । आपने प्रारंभिक शिक्षा झांसी में एवं उच्च शिक्षा (बी.टेक) एनआईटी हिमाचल से प्राप्त की है । आपको भारत सरकार में मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस के अंतर्गत असि. इंजीनियर एक्जीक्युटिव (एईई) के पद पर पदस्थ किया गया है।

मेघा जैन, पुत्री भरतेश-पूर्णिमा जैन जिन्होंने 12 वी क्लास क्वीन्स कॉलेज से 87% से पास करके सीए फायनल 2 अटेम्प्ट में पास करके मार्च 2021 में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनी ।

28 दिसम्बर 2020 को भोपाल में **नित्यता जैन** सुपुत्री श्री नितिन-निधि जैन को शतरंज में अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय उपलब्धियों के लिए म.प्र.सरकार के उत्कृष्ट खेल अलंकरण 'एकलव्य अवॉर्ड 2019' से मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, खेल संचालक श्री पवन जैन ने सम्मानित किया ! अवॉर्ड में उसे एक खूबसूरत ट्रॉफी, सर्टिफिकेट एवं 50 हजार की राशि के चेक से सम्मानित किया गया। अभी तक अपने चैस कैरियर में नित्यता 8 इंटरनेशनल मेडल, 2 इंटरनेशनल फिडे चैस टाइटल, 2 नेशनल स्कूल मैडल एवं 25 बार अलग अलग आयु वर्गों में म.प्र. राज्य गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी हैं। आपने कुछ दिनों पूर्व 1 अगस्त से 5 अगस्त तक वर्ल्ड यूथ ऑनलाइन चैस चैम्पियनशिप 2021 लिए भारत का प्रतिनिधित्व भी करा है ।

राकेश जौहरी, राजेश जौहरी ने सागर के भाग्योदय तीर्थ क्षेत्र में चातुर्मास हेतु विराजमान 108 मुनिश्री समयसागरजी ससंघ के चातुर्मास कलश की स्थापना की है । आप सागर में अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहे है । राकेश जौहरी सागर के पूर्व पार्षद भी रह चुके है । आप गोलालारीय दर्शन परिवार के प्रारंभिक दौर से जुड़े हुए है । सागर गोलालारीय समाज के संगठन के लिए प्रयासरत है ।

भोपाल सशक्त महिला मंडल की कार्यकारी अध्यक्ष कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में कार्य हेतु अग्रणी आकाशवाणी में कुशल उद्घोषिका **श्रीमती साधना जैन** को भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा भोपाल संभाग में संयोजक मनोनीत किया गया है । आप गोलालारीय दर्शन की सह-संपादिका भी है ।

गोलालारीय दर्शन की ओर से आपकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई।

चातुर्मास... पृष्ठ क्र. 1 का शेष...

आयुर्वेद ने बहुत सी जिंदगियो को सुरक्षित की है और प्रमाणित कर दिया कि आयुर्वेद शास्त्र आज प्रासंगिक है और शोध के द्वारा लिखे गए है । अकाल मृत्यु को टालने का एकमात्र उपाय आयुर्वेद है यह हमारे आयुर्वेद ग्रंथों में लिखा है । आज जो चिकित्सा पद्धति लोकप्रिय है वह मात्र 200 वर्षों पूर्व ज्ञात की गई लेकिन आयुर्वेद तीन, चार हजार वर्ष पूर्व पूर्ण शोध के साथ विकसित की गई अहिंसक पद्धति है जो की अब वैज्ञानिक भी प्रमाणित कर रहे हैं ।

अकलंक देव कहते हैं कि मृत्यु तो निश्चित है उसे टाला नहीं जा सकता लेकिन आकस्मिक या अकाल मृत्यु को ज्ञान से टाला जा सकता है यही ज्ञान आयुर्वेद है। जबलपुर वाले सौभाग्यशाली हैं कि यहां पूर्णायु आयुर्वेद औषधि केन्द्र बनाया जा रहा है जो शुद्ध और अहिंसक आयुर्वेद का केन्द्र होगा ऐसी मेरी आशा है । जिस तरह अंतराय रहित आहार का महत्व है । उसी तरह शुद्ध और शास्त्र पद्धति से निर्मित औषधि का भी महत्व है। आचार्य श्री जी ने कहा कि मैं भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि आपका सबका तन, मन, शुद्ध रहे और सभी स्वस्थ रहें।

दयोदय तीर्थ गौशाला स्थित पूर्णायु आयुर्वेद परिसर में आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के चातुर्मास कलश की स्थापना का सौभाग्य अनेक धर्मालंबियों परिवार के साथ जैन पंचयात सभा जबलपुर को भी कलश स्थापना का पुण्य अवसर प्राप्त हुआ। आचार्यश्री के निर्देशन में 50 एकड़ भूमि पर भविष्य की कई योजनाएँ है – ❊ दयोदय तीर्थ गौशाला ❊ प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ ❊ चल-चरखा ❊ पूर्णायु 800 बिस्तरी सर्वसुविधायुक्त आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ ❊ श्रीमद् जिन मंदिर चौबीसी सहस्त्रकूट जिनालय ।

घीवाला परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि

स्व. श्री जीवनधर जैन
स्वर्गवास
13 मई 2021

स्व. श्री अशोक जैन जरीवाला
महाप्रयाण व देहदान
27 मई 2020

स्व. श्री अजय जैन
स्वर्गवास
29 अप्रैल 2021

श्रद्धानवत - श्रीमति स्व.श्री बाई-स्व.श्री हीरालाल जैन (घीवाले), श्रीमति सरोज-स्व. श्री जीवनधर जैन
श्रीमति चंदा-स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार जैन, श्रीमति लीला-स्व. अशोककुमार जैन, श्री निर्मलकुमार-उषा जैन

प्रेमकुमार-स्व. श्रीमति सरोज, विजयकुमार-आशा, राजेन्द्र 'बागो'-कल्पना, श्रीमति कल्पना-स्व. अजय
अतुल-मीना, आलोक-नीलम, संजय-संजना, आशीष-प्रतिभा, आशीष-मालती, विशाल-नेहा, ऐश्वर्य-मोनिका

हेमंत-श्री मांगीलालजी, उषा-श्री राजेन्द्रकुमारजी, शशि-श्री सुधेशकुमारजी, निधि-श्री प्रदीपकुमारजी, अंजु-डॉ. राजेश जैन
राखी-श्री प्रवीणकुमारजी, रक्षा-श्री राजीवकुमारजी, रंजना-श्री आलोकजी

अवनी-श्री अंचलजी, मोनिका-श्री अनघजी, सृष्टि-श्री अतुलजी

नवीन-सीमा, मयंक-सोनाली, अविन-अदिति, आरोही, अपूर्व, सत्या, आदिराज, अदिती, अपूर्व,
अंतरा, अभिराज, आयुष, अनवी, अर्नव, अवधि, अवनी, आरना, अनाया

*** घी वाला परिवार ललितपुर, मड़िया, उज्जैन, इन्दौर ***

प्रात: स्मरणीय
108 श्री समकित सागरजी महाराज
जिनका आशीर्वाद ही हमारा संबल है

प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीना स्मरण

जन्म
1934

देवलोकगमन
18.08.2020

स्व. श्रीमती कमलाबाई जैन

पूज्यनीय माँ को प्रणाम

त्याग है, तपस्या है, सेवा है माँ
जीवन ही हर कठिन राहो में, अमृत का प्याला है माँ

:: श्रद्धानवत::

पुत्र व पुत्रवधु	-	आनंद-कल्पना, शांतिकुमार-संध्या, भरतेश-पूर्णिमा, बाहुबली-निशा, अनंत-श्वेता जैन
पुत्री एवं दामाद	-	सरोज-राजेन्द्र जैन उज्जैन, स्नेह-कमलकुमार जैन बीना
प्रपोत्र-पुत्रवधु	-	आकाश-चांदनी जैन
प्रपोत्री-दामाद	-	सुरभि-आकाश जैन, भोपाल
पौत्र-पौत्री	-	अमोघ, शुभम, मेघा, सृष्टि, सुहानी, मैत्री, आगम, सम्यक, अक्षत
पड़पौत्री	-	आर्या

श्रद्धांजलि

स्वर्ग विभूति श्रीमती चैनाबाई जैन (तारबाबू)

जन्म :1936 * देव लोक गमन: 21/3/2021

पति स्वगीय श्री सुगम चंद जैन (तारबाबू) जबलपुर

21 मार्च 2021 अष्टानिका महापर्व के ब्रह्म मुहूर्त में जाप करते हुए, (बिना किसी संक्रमण के) सहज भाव से आपका देवलोक गमन हो गया। **"बाई"** आपका कर्मठ व्यक्तित्व सदैव हमारे स्मरण मै सुसज्जित रहेगा आपके आदर्शों का हम सभी परिजन अनुसरण करते रहेंगे ।

नमनकर्ता :

पुत्र व पुत्रवधु : डॉ. निधि–सुनील जैन

पुत्री–दामाद : श्रीमती उषा–अक्षय, श्रीमती लता–शंकर, श्रीमती सरला–नरेन्द्र

पौत्र एवं पौत्री : अंकुर, आकाश, तनिष्क, तान्या, शैली, शुभ्नय, सुविधि, सात्विकी, अविरल एवं स्नेहजन

प्रतिष्ठान

* एस.सी. इंटरप्राइजेस * एस.के.पी. इंटरप्राइजेस * अंकित एसोसिएट्स

471, तारबाबू निवासी, लाल कुआं, हनुमानताल, जबलपुर (म.प्र.) 482002

मो.: 9827280823, 9407021823, 9644786927

माँ

माँ तेरी याद, ये उदासी और मैं
शायद आगे बस यही लिखा है किस्मत मे
फिर दिल का गभड़ा जाना और आँखो का भर आना
अब कोई नही है जो निस्वार्थ हो अपना दुनियाँ मे

हा मैं माँ कई बार अपने स्वार्थ से याद करता हूँ
पर कई बार सिर्फ तेरा ना होना खलता है
एक तुम्हे बचा ना पाने का सवाल
मेरे सीने मे घाव की तरह पलता है
मैं खुद अपने हर फैसले पर गलत लगता हूँ
मै अपनी नजरो मे तेरा बस गुनाहगार लगता हूँ
माँ मै अभी भी बहुत छोटा हूँ
जादू, चमत्कार पर विश्वास रखता हूँ
माँ मै आज भी तेरे लोटने की आश रखता हूँ

माँ

जितने छण उतने सवाल
करते अंतर-मन पर गहन प्रहार
क्यो वैसा नही किया कुछ उपाय
क्यो क्यो शशांक तुम माँ को नही बचा पाय
रखता हूँ खुद से गिलानी भाव
उसके ऊपर माँ तेरा अभाव
सहन नही ये अपराध भार
कैसे लोटा पाये माँ तेरा अभार
माँ बिन होता जीवन असार
संसार छोड़िए भगवान भी लगता बेकार
माँ बस यही पुकार तुम सीग्र आव
तब ही सब भरेंगे ये तीव्र घाव
उसके अलावा रूचता न कुछ उपाय
माँ तुम दर्श दो, तो कुछ सुकून आय
चरणो मे शीश धर, हम जब क्षमा पाय
तब कही हृदय का कुछ भार घटा पाय

भावभीनी श्रद्धांजली

जन्मतिथि
24.08.1958

देवलोक गमन
23.04.2021

परम आदरणीय, उत्कृष्ट श्राविका **श्रीमती प्रभा देवी जैन** का देवलोक गमन दिनांक 23-4-2021 को हो गया। आप मध्यप्रदेश ओरछा में शासकीय अध्यापिका रही। आप धार्मिक एवं आध्यात्मिक दोनों में निपुण थी। आप ने अपने जीवन में बहुत सारे व्रत किये । बचपन से ही आपने श्राविका बनने में कोई कसर नहीं छोड़ी, अपने घर पर रहते हुए भी माताजी जैसी क्रियाओं का पालन करती रही तथा औरों को भी उपदेश धर्म के देती रही । आपने कई बार शिखरजी की यात्रा एवं कई तीर्थ वंदना बड़े ही श्रद्धा भाव से किये । आपको पावागिरी तीर्थ क्षेत्र से अत्यंत लगाव था । आप परिवार एवं समाज के लिए हमेशा अग्रणी रहती थी । आप मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थी । आप जखोरिया परिवार में जन्मी तथा भंडारी परिवार में अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए आज हम सब के बीच से चली गई और हम कुछ नहीं कर पाये ।

शोकाकुल परिवार – पति : श्री कैलाशचंद्र जैन

* **पुत्र :** निशांक जैन, शशांक जैन * **देवर :** वीरेंद्र-आराधना जैन बबीना, ओमप्रकाश-कुसुम जैन भेल झाँसी, देवेंद्र-सुमन जैन बबीना

* **बड़ी मम्मी :** कमल जैन, दिव्या जैन, अभिषेक पारस जैन एवं समस्त शोकाकुल भण्डारी परिवार

प्रिय माताजी को कविताओं के माध्यम से श्रद्धापूर्वक नमन करते है
उनके प्रिय पुत्र इंजी. शशांक जैन

माँ

मै मतलबी स्वार्थी पापी हूँ।
हा माँ मै तेरा अपराधी हूँ ।।

माँ हर वक्त मे साथ रही मेरे ।
हर दर्द को बांटती रही मेरे ।।
जब दर्द माँ तुम रही थी सहने ।
आश से भरकर मुझसे लगी कहने ।।
मैने सुन कर भी कुछ सुना नही ।
कोई उपचार भी गुना नही ।।
जब मुझसे भी आश छूट गई ।
माँ तुम अन्दर से टूट गई ।।
मै कोई आश बधा न सका ।
क्यो पास अपने बुला न सका ।।
वक्त पर काम आ न सका ।
साथ तेरा निभा न सका ।।
बस अपने मे ही व्यस्त रहा ।
निज सुख मै ही मस्त रहा ।।
निरन्तर बेटे के कर्तव्य से भागा हूँ।
व्यथा रोता कि मै अभागा हूँ।।
मै मतलबी स्वार्थी पापी हूँ।
हा माँ मै तेरा अपराधी हूँ ।।

माँ

क्या हो उस व्यक्ति का,
जो भगवान भरोसे चलता हो
और भगवान से भरोसा उठ जाऐ ।

क्या हो उस आत्मा का,
जो नित परमात्मा को जपता हो
और कर्मो से मात खा जाऐ ।

क्या हो उस बेटे का,
जो हर बात मे माँ- माँ कहता हो
और साथ उसी का छूट जाऐ ।

क्या हो उन आँखो का,
जिसने कभी न दुख देखे हो
और वो दुख के प्रगण्ड रूप से घिर जाऐ ।

क्या हो उस सीने का,
जो कभी डरा नही कही झुका नही
और अब वो हर पग पर घबड़ा जाऐ ।

पता - **भंडारी साड़ी हाउस**, मेन रोड़, आत आरामशीन, भेल, झाँसी

विनम्र श्रद्धांजलि

जन्म
03-06-1943

निर्वाण
05-04-2021

स्वर्गीय श्री रमेशचन्द जैन

5 अप्रैल 2021 को सहज भाव से आपका देवलोक गमन हो गया । आपका कर्मठ व्यक्तित्व सदैव स्मरण में सुसज्जित रहेगा, आपके आदर्शों का हम सभी परिजन अनुशरण करते रहेंगे । आपका जन्म भोपाल में हुआ था । आप स्वर्गीय श्री सेठ कन्हैयालालजी जैन के बड़े सुपुत्र थे, आप 4 बहन और 2 भाई थे । आपका विवाह श्रीमती आशा जैन इन्दौर से हुआ था । स्व. श्री फूलचंदजी पंचरत्न, इन्दौर आपके ससुरजी थे ।

आप सीनियर ब्रांच मैनेजर देना बैंक से सेवानिवृत्त हुए थे । आप पिछले 40 वर्षों से रायपुर में निवास कर रहे थे ।
आप अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गये, जिसमें आपके 2 बेटे और 1 बेटी है ।

नमनकर्ता

श्रीमती आशा जैन धर्मपत्नी

पुत्र व पुत्रवधु - श्री राजेश-प्रीति जैन । स्व. तरुण-कविता जैन ❊ **पुत्री दामाद -** श्रीमती रिटा-अनिल जैन
पौत्र - श्री दीपांशु-आयुषी जैन । **पौत्री -** दिपाली जैन, दिशा जैन

प्रतिष्ठान - श्री विद्यासागर स्टील । श्री दीप रॉयल (द बाईसिकल हब)
❊ दीप रॉयल कॉम्पलेक्स, पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड़, रायपुर (छ.ग.) मो.: 9826160100, 8878695100
❊ निवास - डी 329, टैगोर नगर, रायपुर (छ.ग.)

गोलालारीय दर्शन परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजली

❊ दैनिक विश्व परिवार, झांसी/रायपुर के संस्थापक 'विश्व परिवार' प्रकाशन समूह का बीजारोपण करने वाले बागवान **श्री कैलाशचंदजी जैन** का 78 वर्ष की आयु में समाधि भावपूर्वक देवलोकगमन दिनांक 22 अप्रैल 2021 को हो गया ।

नश्वर देह त्यागने के अंतिम क्षणों में आपने श्री भगवान महावीर स्वामी, करुणा स्थली, अतिशय क्षेत्र श्री 1008 श्री सांवलिया पारसनाथजी करगुंवाजी एवं श्री चंद्रोदय तीर्थ को प्रणाम करते हुए पूर्ण शांत एवं निर्विकल्प भाव से देह त्याग दिया । देह त्याग के 6 दिन पूर्व से ही आप कुछ भी आहार ग्रहण नहीं कर रहे थे । निर्विकल्प भाव से श्री वीर प्रभु का स्मरण मात्र कर रहे थे । श्री कैलाशचंदजी झांसी व संपूर्ण बुंदेलखंड ही नहीं अपितु देशभर के गोलालारीय समाज में आपका नाम सम्मान के साथ लिया जाता था । कई क्षेत्रों में अपनी सेवाओं से आपने उच्च स्थान अर्जित किया।

राजनीति, पत्रकारिता समाज सेवा, धर्म सेवा, मुनि सेवा, मंदिर निर्माण व समाज कल्याण के साथ साथ प्रशासनिक दायित्व के क्षेत्र में अपने जीवन की अमूल्य सेवाएं देकर विशेष ख्याति अर्जित की है । गोलालारीय दर्शन पत्रिका द्वारा जब यह विचार आपके सम्मुख रखा गया कि तीर्थक्षेत्र पवाजी में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले में बायोडाटा व युवक युवतियों के विवाह संबंधी जानकारी एकत्रित करने के लिए एक उचित मंच बनाया जावे तो आपने इस कार्य हेतु सहर्ष सहमति प्रदान करते हुए पवाजी की तत्कालिक कमेटी से चर्चा कर इस कार्य के लिए हमें उचित स्थान उपलब्ध कराया । गोलालारीय दर्शन परिवार आज भी अपनी जिम्मेदारी मानकर उसे सफलतापूर्वक निभा रहा है ।

बुंदेलखंड जैन समाज में आपका नाम बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है जैन समाज की समस्त गतिविधियों में आपका मार्गदर्शन व समर्पण अवश्य ही रहता था। पवाजी तीर्थक्षेत्र के संरक्षक होते हुए आपने इस क्षेत्र को विश्व प्रसिद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर आज क्षेत्र को जैन समाज में बहुत ही प्रसिद्ध कर दिया है । आप गोलालारीय दर्शन पत्रिका के परामर्श प्रमुख व मार्गदर्शक थे । नगर पालिका परिषद झांसी के पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य पत्रकार मान्यता समिति के पूर्व अध्यक्ष, श्री गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन के अध्यक्ष, श्री महावीर लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष, श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के संपादक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तरांचल तीर्थक्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष व दिगम्बर जैन महासमिति के संभाग संरक्षक के साथ साथ विभिन्न पत्रकार और संपादक संगठनों के अध्यक्ष व संरक्षक रहे है । श्रमजीवी पत्रकार महासंघ के संपादक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रुप में आपके नेतृत्व में पत्रकारों के सद्भावना प्रतिनिधि मंडल ने रुस व चेकोस्लोवाकिया आदि देशों का दौरा किया था । जहां आपने भारतीय संस्कृति, पत्रकारिता एवं जैन दर्शन के प्रचार प्रसार में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थी । आपने झांसी में मेडिकल कॉलेज के सामने पहाड़ी पर भगवान महावीर स्वामी करुणा स्थली, चंद्रोदय समवशरण मंदिर व पत्रकार भवन आदि के निर्माण में भी प्रमुख भूमिका निभाई ।

वर्ष 1976 में झांसी से दैनिक विश्व परिवार पेपर का शुभारंभ किया व वर्ष 2013 में रायपुर में आपने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह की गरिमामय उपस्थिति में आपने दैनिक विश्व परिवार के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ किया ।

आप प्रेस काउंसलिंग ऑफ इंडिया के सदस्य श्री प्रदीपकुमार जैन, दैनिक विश्व परिवार झांसी के संपादक प्रवीण कुमार जैन व दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के द्वितीय उपाध्यक्ष आलोक जैन के पिताजी थे । आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है ।

❊ **श्री अशोक कुमार भुजबलप्रसाद जैन जरीवाला** का निधन 27 मई 2020 को हो गया । आप स्पष्ट वक्ता, सरल स्वभावी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे । आप उज्जैन में समग्र जैन समाज में प्रतिष्ठित व्यक्तियों के रुप में जाने जाते थे । समाज के धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं में आपका विशेष योगदान रहा । आप गोलालारीय दर्शन पत्रिका के शिरोमणि संरक्षक सदस्य थे ।

सभी से आत्मीयता से मिलना, सभी को सम्मान देना उनका स्वभाव था । जब भी किसी को सहायता की जरुरत होती थी वह उसे की भी खाली हाथ नहीं जाने देते थे । जैन समाज में उन्होंने धार्मिक व सामाजिक अनेक क्षेत्रों में अुनकरणीय कार्य किये है । मुनि सेवा समिति के संस्थापक सदस्य रहते हुए उज्जैन नगर में मुनियों के चातुर्मास की व्यवस्था व उनके आहार निहार की व्यवस्था करने में उनका बहुत बड़ा योगदान संगठन को रहा है । विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ जयसिंहपुरा, उज्जैन के प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार व प्राचीन प्रतिमाओं के रखरखाव पर आपकी विशेष रुचि रही । आप समय समय पर वहां पर अपना मार्गदर्शन देते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान करते रहे । शहर की अनेक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से आप सीधे जुड़े हुए थे । आपने अपने व्यवसाय में अपना विशेष मुकाम बनाया । आप गोलालारीय दर्शन पत्रिका के संपादक श्री राजेन्द्र जैन 'बागो' के चाचाजी थे और वे उन्हें समय समय पर समाज हितार्थ उच्चतम प्रयास के लिए प्रेरित करते थे ।

❊ विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ देवगढ़ प्रबंध समिति के अध्यक्ष दिगम्बर जैन गोलालारीय समाज भोपाल के अध्यक्ष हबीबगंज भोपाल जैन मंदिर कमेटी के संयोजक, गुणायतन ट्रस्टी व अनेक संस्थाओं से जुड़े हुए प्रसिद्ध उद्योगपति, रेलवे ठेकेदार, हंसमुख, मिलनसार, स्नेही, मुनि साधु संत भक्त व्यक्तित्व और बुंदेलखंड माटी की शान **श्री प्रदीपकुमार जैन नौहरकलां** वालों का स्वर्गवास दिनांक 15 मई 2021 को हो गया ।

आपके निधन की आकस्मिक सूचना से परिजन, भोपाल व ललितपुर जैन समाज स्तब्ध रह गया । श्री प्रदीपजी ने अपने पिताजी स्व. श्री चंपालालजी नौहरकलां वालों के अधूरे धार्मिक व सामाजिक कार्यों को पूर्ण मनोयोग से अपनी जिम्मेदारी मानकर पूरा किया । इसका ही परिणाम है कि आपने देवगढ़ तीर्थ क्षेत्र को प्रसिद्ध तीर्थक्षेत्रों की पंक्ति में स्थान दिलाया और समाज सेवा भाव के साथ आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहे ।

आप धार्मिक व सामाजिक कार्य निस्वार्थ भाव से करते रहे। बड़े बड़े धार्मिक आयोजनों की सफलता को आपने बड़े ही सहज भाव से अपनाया । भोपाल समाज द्वारा कई धार्मिक व सामाजिक कार्यों में आप की महत्वपूर्ण भूमिका रही । भोपाल गोलालारीय समाज के लिए आप व्यक्तिगत रुचि लेकर कई वर्षों से स्नेह सम्मेलन का आयोजन इस भावना से करते रहे कि सभी समाजजन आपस में मिलजुलकर अपने सुख दुख साझा कर सके । राष्ट्रीय स्तर पर गोलालारीय संगठन को गतिशील करने की आपकी बहुत मंशा थी । इन्दौर समाज सचिव श्री बाहुबली से चर्चा के दौरान आपने अपनी मंशा को व्यक्त किया था। युवावस्था में व्यवसाय संघर्ष के समय विरासत उत्तराधिकारी बनकर आपने नौहरकलां परिवार का नाम समग्र जैन समाज में गौरवांवित किया ।

आपके जीवनकाल में परिवार के कई दुखद प्रसंग भी आये जिसमें आपने पूर्ण दृढ़ता व धैर्य के साथ पूरे परिवार को संभालते हुए जीवन को आगे बढ़ाया, यही पर आपकी जिन दर्शन पर अटूट आस्था को दर्शाता है । दूसरों के दुखों को अपना समझने वाले जरुरतमंदों की सदैव मदद करने वाले मृदुभाषी, मिलनसार, करुणावान, दानवीर श्री प्रदीपजी के निधन से समाज में जो शून्यता आई है वो शायद ही कभी पूरी हो पायेगी । उनके कार्यों को विस्मृत करना कठिन होगा, स्मृतियां संस्मरण सदैव जीवंत रहेंगे ।

❊ नागपुर शहर में जाने-माने मिलनसार व्यक्ति **श्री प्रकाशचंदजी जैन** का जाना नागपुर गोलालारीय समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति है आपने अपने प्रयासों से नागपुर के छोटे से गोलालारीय समाज को एक सूत्र में बांध रखा था । नागपुर समाज में होने वाली गतिविधियों को आप पूर्ण मनोयोग से पूरा करते रहे गोलालारीय दर्शन पत्रिका के प्रारंभिक काल से ही आपने नागपुर समाज के सदस्यों की जानकारी देकर पत्रिका के प्रचार प्रसार में काफी योगदान दिया है आप के योगदान को दर्शन परिवार सदैव याद रखेगा ।

❊ **श्री प्रदीप जैन एलआईसी** का अचानक से जाना भोपाल गोलालारीय समाज के साथ समग्र जैन समाज के लिए बहुत ही बड़ी क्षति है । आप अत्यंत ही मिलनसार व स्नेही व्यक्तित्व के धनी थे । गोलालारीय दर्शन के लिए व प्रयास पत्रिका के लिए आपने भोपाल व अन्य नगरों में अपने संर्पकों से पत्रिका के लिए काफी मदद की है आप गोलालारीय दर्शन पत्रिका के एक महत्वपूर्ण स्तंभ थे । अपने क्षेत्र के मंदिर के साथ साथ आपने नगर के अन्य मंदिरों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है समाज के सभी समाजिक व धार्मिक गतिविधियों में आप पूर्ण मनोयोग से अपना योगदान देते थे भोपाल गोलालारीय समाज के अनेक पदों पर रहते हुए अपने कर्तव्यों का आपने पूर्ण मनोयोग से निर्वाह किया है। आपकी जाने से जो रिक्तता आई हैं वह कभी भी पूर्ण नहीं हो सकेगी ।

❊ झांसी दिगंबर जैन पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष **श्री ताराचंद भंडारी** के निधन से झांसी जैन समाज को अपूरणीय क्षति हुई है । बुंदेलखंड क्षेत्रों में मंदिरों के विकास और उत्थान के लिए आपके मन में हर समय सहयोग देने का भाव रहा है, तीर्थक्षेत्र का करगुवांजी, प्यावलजी, पवाजी व झांसी के अनेक मंदिरों में आपने विशेष रूप से निर्मित दानपात्र भेंट करें और कुछ मंदिरों में वेदी निर्माण व पांडुक शिला के निर्माण में भी आपका विशेष योगदान रहा है । मंदिरों में पूजन इत्यादि की सुविधा को सहज बनाए रखने के लिए आपने आवश्यक सामग्री मंदिरों में उपलब्ध कराई । आपका क्षेत्रीय राजनीति में विशेष योगदान रहा है नगर में पधारे मुनिसंघो के लिए आप आहार विहार की व्यवस्था में सदैव अग्रणी रहे। आपके जाने से झांसी जैन समाज में अपूरणीय रिक्तता आई है ।

❊ ललितपुर के प्रसिद्ध तीर्थ सिद्ध क्षेत्र श्री पवा जी के कोषाध्यक्ष **श्री प्रेमचंदजी जैन नयाखेड़ा वालो** का देहांत के समाचार से पवाजी तीर्थ क्षेत्र को काफी क्षति पहुंची है । पवाजी तीर्थ क्षेत्र उन क्षेत्रों में से है जहां गोलालारीय समाजजनों का काफी जुड़ाव और आस्था हैं । आज से 10 वर्ष पूर्व जब दर्शन परिवार द्वारा विवाह संबंधों की जानकारी हेतु क्षेत्र में पहल की शुरुआत की गई थी । तब आपका भरपूर योगदान हमें मिला आपके योगदान को दर्शन परिवार सदैव याद रखेगा ।

❊ ललितपुर नगर के जाने-माने **श्री नेमीचंद धन्नालालजी जैन** के देहांत से गोलालारीय समाज को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है । नेमीचंदजी उन व्यक्तित्व में से थे जो अपनी बात पूरी दबंगता के साथ रखते थे । सामाजिक व धार्मिक कार्यों में आप पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाह करते रहे । ललितपुर के सम्रग जैन समाज में आपने अपनी एक विशेष छवि बनाई हुई थी। गोलालारीय दर्शन परिवार को आपका सहयोग समय-समय पर मिलता रहा, जो सदैव स्मरणीय रहेगा ।

❊ श्री राजेन्द्रकुमार जी महरौनी वाले गोलालारीय समाज इंदौर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक थे । धर्मप्रेमी, मिलनसार व स्पष्ट वक्ता राजेंद्रजी ने शासकीय सेवा में रहते हुए अपने समाज के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को पूर्ण मनोयोग से निर्वाह किया । स्थानीय मंदिर एवं गोलालारीय समाज की विभिन्न समितियों में आप का विशेष योगदान रहा है । समाज के सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में आपका परिवार पूर्ण मनोयोग से हर संभव मदद करता रहा है । आपकी स्मृति में परिवार की ओर से समाज को 51000 रु. भेंट किये गये ।

❊ **श्रीमती शांतिबाई लालचंद जैन इंदौर** नगर की मृतभाषी, मिलनसार व धार्मिक व्यक्तित्व की महिला थी । आपने अपने जीवन काल में धार्मिक व सामाजिक कार्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाया अपने क्षेत्र में होने वाले सभी धार्मिक कार्यों में आपने बढ़ चढ़कर सहयोग किया व अपने परिवार की जिम्मेदारियों को निभाते हुए समर्थ और सक्षम बनाया । आपकी स्मृति में परिवार की ओर से समाज को 31000 रु. व गोलालारीय दर्शन को 2100 रु. भेंट किये गये ।

❊ **श्रीमती कमलाबाई जैन** बहुत ही धार्मिक व शांत स्वभाव की महिला थी । आप हमारी समाज की उन गौरवशाली व्यक्तित्व में से एक है ग्रहस्थ जीवन के आपके जीवनसाथी जो बाद में मुनि श्री समकित सागर जी महाराज बने की धर्मपत्नी थी, आपने गंजबासौदा में रहते हुए अपने पुत्रों को अच्छी शिक्षा देते हुए उच्च पदों पर पहुंचाया । इन्दौर में रहते हुए अपने अपने क्षेत्र के मंदिर उत्थान के लिए पूर्ण मनोयोग से सहयेग किया । धार्मिक कार्यों आप विशेष रुचि रखती थी । आप इन्दौर गोलालारीय समाज ट्रस्ट के संस्थापक सचिव व स्थाई ट्रस्टी इंजी. आनंद कुमार जैन, गंजबासौदा समाज के प्रमुख श्री शांतिकुमारजी व वर्तमान में इन्दौर गोलालारीय समाज के सचिव श्री बाहुबली जैन की माताजी थी । आपकी स्मृति में परिवार की ओर से समाज को 11111 रु. व गोलालारीय दर्शन को 1111 रु. भेंट किये गये ।

❊ **श्रीमती कमलाबाई जैन** का देवलोकगमन 25अप्रैल को ललितपुर में हो गया आप अत्यंत ही सरल स्वभावी, मृतभाषी व्यक्तित्व की महिला थी। जीवन पर्यंत आपकी धर्म में विशेष रुचि रही । आपको शास्त्रों का बहुत ज्ञान था । सादा जीवन, उच्च विचार का कथन आपके व्यक्तित्व पर सटीक रुप से चरितार्थ होता था । धर्म और परमार्थ की बातों से आप सबका मन मोह लेती थी । आपको धार्मिक क्षणिकाएँ व कविताएं लिखने में भी रुचि रही ।

❊ प्रख्यात पत्रकार, साहित्यकार, गीतकार और फिल्मकार **श्री प्रदीप जैन** का अचानक चला जाना, कला के सभी क्षेत्रों मे एक रिक्तता का आभास कराता है। अपनी सरल, सहज मुस्कान से हर समय खुशनुमा माहौल बनाने वाले श्री प्रदीप जी ललितपुर के प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे, अनेकों फिल्मों के निर्माता होने के साथ-साथ उच्च कोटि के साहित्यकार व पत्रकार भी थे । आप जीवन भर दिल्ली से प्रकाशित जैन प्रचारक, वीर वीरांगना, वीर पथगामी आदि पत्रिकाओं में अपने दायित्वों का निर्वाह करते रहे ।

❊ **डॉ. अजय जैन** टीकमगढ़ क्षेत्र के जाने माने व्यक्तित्व थे । आप धार्मिक व सामाजिक कार्यों में विशेष रूचि रखते हुए अपने दायित्वों को शांतिपूर्ण तरीके से पूरा करते रहे। जब बंधाजी तीर्थक्षेत्र के पुनरुद्धार कर नवीन स्वरुप देने की बात आई तब आपने बढ़ चढ़कर सहयोग दिया । आपने अपने आस पास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धन व असहाय लोगों के इलाज के लिए सदैव अग्रसर रहते थे। राष्ट्रीय संघ सेवक दल से सक्रिय रुप से जुड़े होने के कारण आपने अनेकों सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और समाज को संगठित बनाए रखने में आपने अपनी अहम भूमिका का निर्वाह करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया। आपके चिकित्सा सेवा व सामाजिक कार्यों को टीकमगढ़ क्षेत्र के निवासी सदैव याद रखेंगे।

❊ **डॉ मुकेश जैन उज्जैन** के प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे । आप सरल स्वभावी व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे । आप आगर मालवा में प्रभारी विशेषक पैथोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत थे करोनाकाल में आपने घर घर जाकर मरीजों के सैंपल की जांच की है । जांच कार्य के दौरान आपके संक्रमित होने की पुष्टि के उपरांत आपकी तबीयत अचानक बहुत खराब हो गई और आपको इलाज हेतु इन्दौर लाया गया । मध्य प्रदेश सरकार ने उनके इलाज के लिए चेन्नई से डॉक्टरों की टीम इन्दौर बुलाई । यहां पर आवश्यक उपचार के पश्चात भी उनकी उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने पर उन्हें एयरलिफ्ट कर इलाज हेतु चेन्नई भेजा गया । काफी प्रयासों के पश्चात भी अंततः आप जीवन की जंग हार गये । प्रदेश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए परिवार को सांत्वना प्रदान की ।

❊ **श्री दिलीप कुमार जैन** गोलालारीय समाज, इंदौर के उन व्यक्तित्व में से थे जिन्होंने अपने परिश्रम के बल पर अपने परिवार को सुदृढ़ और सशक्त बनाया । विजय नगर जैन मंदिर के उत्थान के लिए आप सतत प्रयासरत रहें ।आप कुछ समय से बीमार चल रहे थे फिर भी आपके मन में श्री जी के अभिषेक व दर्शन की अभिलाषा सदैव रहती थी । जब भी आपका स्वास्थ अनुकूल होता आप अभिषेक के लिए मंदिर अवश्य जाते थे। जैन समाज में आप एक विशेष स्थान रखते थे । समाज के धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में आपको दी गई जिम्मेदारीयों को पूर्ण निष्ठा से निभाते रहे । गोलालारीय समाज को जब भी उनके किसी भी तरह के सहयोग की आवश्यकता रही, वे कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग देने के लिए सदैव तत्पर रहे । आपकी स्मृति में परिवार की ओर से समाज को 2100 रु. की राशि भेंट की गयी ।

❊ **श्री नागेन्द्र कुमार जैन** का देवलोकगमन 19 अप्रैल को कोरोना बीमारी के कारण हो गया । आप बछोडा, टीकमगढ़ से इन्दौर पढने आयें, मंटू भैया को इंदौर इतना रास आया कि यहीं के हो गये । आपने अपनी सतत परिश्रम के बल पर फोटोग्राफी क्षेत्र में अपना नाम बनाया । आप 'पारस चैनल' में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते थे । आचार्य श्री के इन्दौर आगमन से लेकर प्रवास तक की वीडियो व फोटोग्राफी संबंधित जवाबदारी आपने स्वेच्छा से निभाई । आचार्य श्री के परम भक्त नागेन्द्र जैन अपनी समाज के, वह शख्स थे जो गत कई वर्षों से पर्यूषण पर्व पर लगातार 5/10 उपवास करते थे। आप मिलनसार, सहनशील व धर्मप्रेमी व्यक्तित्व के धनी थे । वे पार्श्वनाथ सहकारी साख संस्था, इन्दौर के संचालक सदस्य भी थे।

❊ **श्री राजकुमार जैन** का देवलोकगमन 16 अप्रैल को भोपाल में कोरोना के कारण हो गया । आपने काफी मेहनत कर थोड़े ही समय में समाज में अपनी पहचान बनाई, आप मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे , अपना काफी समय सामाजिक कार्यों में देते रहते थे। स्कीम नंबर 78 के मंदिर में आप का विशेष योगदान रहता था।

गोलालारीय दर्शन परिवार विनम्र श्रद्धांजली प्रेषित करता है ।

विनम्र श्रद्धांजलि

श्रीमती गेंदाबाई
लखमीचंद जैन, पवाजी
स्वर्गवास दिनांक
01.04.2020

श्रीमती फूलाबाई
कोमलचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
14.04.2020

श्रीमती विमलाबाई
शिखरचंद जैन, पवा
स्वर्गवास दिनांक
15.04.2020

श्रीमती चंद्रानी
मदनलाल जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
26.04.2020

श्री हुकुमचंद जैन,
सिमरा
स्वर्गवास दिनांक
28.04.2020

श्री अशोक कुमार
भुजबल प्रसाद जैन, उज्जैन
स्वर्गवास दिनांक
27.05.2020

श्रीमती विद्याबाई
अनोखेलाल जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
06.06.2020

श्री अजय
बाबूलाल जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
13.06.2020

डॉ. देवकीनंदन जैन,
निवाड़ी
स्वर्गवास दिनांक
28.06.2020

श्री आशीष
अश्विन जैन, जबलपुर
स्वर्गवास दिनांक
08.07.2020

श्री नेमीचंद
धन्नालाल जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
13.07.2020

श्रीमती सुशीलाबाई
रतनचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
01.08.2020

श्रीमती सरोजबाई
उत्तमचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
01.08.2020

श्रीमती विमलादेवी
गुलाबचंद जैन, झांसी
स्वर्गवास दिनांक
04.08.2020

डॉ. पदमचंद जैन
बड़ाघर, विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
13.08.2020

श्रीमती कमलाबाई
सुंदरलाल जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
18.08.2020

श्रीमती शिल्पा
अनिल जैन, गंजबासौदा
स्वर्गवास दिनांक
01.09.2020

श्री सुखनंदन
प्रेमचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
02.09.2020

श्री विरेन्द्रकुमार जैन
ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
08.09.2020

श्रीमती सुषमा
राकेश कुमार जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
11.09.2020

श्री अजय
नेमीचंद जैन, नागपुर
स्वर्गवास दिनांक
12.09.2020

श्री प्रकाश
फूलचंद जैन, नागपुर
स्वर्गवास दिनांक
20.09.2020

श्री अरुणकुमार
कैलाशचंद जैन, पवा
स्वर्गवास दिनांक
20.09.2020

श्री रमेश
भगवानदास जैन, उज्जैन
स्वर्गवास दिनांक
27.09.2020

श्रीमती सुधा
अरुण जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
28.09.2020

श्री राजेन्द्रकुमार जैन
इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
30.09.2020

श्रीमती राजमती
बाबूलाल जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
04.10.2020

श्री हुकुमचंद जैन,
इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
11.10.2020

श्री कुंदनलाल जैन,
इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
16.10.2020

श्री भानुकुमार जैन,
मऊरानीपुर
स्वर्गवास दिनांक
26.10.2020

श्रीमती कुसुम
गुलाबचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
10.11.2020

श्रीमती शांतिबाई
लालचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
16.11.2020

श्री शैलेन्द्र
हुकुमचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
19.10.2020

श्रीमती सुनीता
महेन्द्रकुमार जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
24.11.2020

श्री दिलीपकुमार जैन,
घंसौर
स्वर्गवास दिनांक
25.11.2020

श्री ताराचंद भंडारी,
झाँसी
स्वर्गवास दिनांक
25.11.2020

नोट - प्राप्त जानकारी अनुसार प्रकाशन किया गया है । किसी भी त्रुटि के लिए हृदय से खेद है ।

विनम्र श्रद्धांजलि

श्री दिलीपकुमार
जालमचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
27.11.2020

श्री प्रदीपकुमार
परमेष्ठीदास जैन, दिल्ली
स्वर्गवास दिनांक
27.11.2020

श्रीमती नीतू
विनयकुमार जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
03.05.2021

श्री मुकेश कुमार जैन
घंसौर
स्वर्गवास दिनांक
05.12.2020

डॉ. विद्युत कुमार जैन
इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
07.12.2020

श्रीमती ललिता
प्रमोद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
07.12.2020

श्री सुरेशचंद
पं. खेमचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
10.12.2020

श्री जयकुमार जैन
इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
12.12.2020

श्री श्रीचंद जैन
गंजबासौदा
स्वर्गवास दिनांक
14.12.2020

एड. श्री खुशालचंद जैन
विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
20.12.2020

श्री राजेश
बाबूलाल जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
21.12.2020

श्री बसंतकुमार जैन
बड़ा घर, विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
26.12.2020

प्रो. अशोककुमार जैन
टीकमगढ़
स्वर्गवास दिनांक
28.12.2020

श्रीमती गेंदाबाई
विमलचंद जैन, महरौनी
स्वर्गवास दिनांक
01.01.2021

श्री आशाराम
गुलाबचंद जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
01.01.2021

श्रीमती पूनाबाई
बच्चूलाल जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
08.01.2021

श्री सुमेरचंद जैन
बीना
स्वर्गवास दिनांक
09.01.2021

श्री अनिलकुमार जैन
छतरपुर
स्वर्गवास दिनांक
11.01.2021

श्री ललितकुमार
रामदास जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
30.01.2021

श्रीमती गेंदाबाई
लखमीचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
01.02.2021

श्री रितेश कुमार
रमेशचंद जैन, भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
24.02.2021

श्री मुकेश कुमार
बाबूलाल जैन, उज्जैन
स्वर्गवास दिनांक
08.03.2021

श्री अनोखीलाल जैन
इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
09.03.2021

श्रीमती क्रांति
विजयकुमार जैन, पवा
स्वर्गवास दिनांक
15.03.2021

श्रीमती कुसुम
हुकुमचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
19.03.2021

पं. छगनलाल
पं. चुन्नीलाल जैन, बड़नगर
स्वर्गवास दिनांक
24.03.2021

श्रीमती मोतीरानी
सुरेशचंद जैन, बडोदा
स्वर्गवास दिनांक
29.03.2021

श्री सुनीलकुमार
हेमचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
30.03.2021

श्रीमती विद्याबाई
दयाचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
31.03.2021

श्री मनोज कुमार
कैलाशचंद जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
31.03.2021

श्रीमती वर्षा पुत्री
स्वदेशीचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
02.04.2021

श्री अरविंदकुमार
पी.एल. जैन, जबलपुर
स्वर्गवास दिनांक
02.04.2021

श्रीमती मालती
कैलाशचंद जैन, बाकल
स्वर्गवास दिनांक
03.04.2021

श्री भामंडल कुमार जैन
तालबेहट
स्वर्गवास दिनांक
03.04.2021

श्री स्वदेशीलाल
बाबूराम जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
06.04.2021

श्री राजेन्द्रकुमार जैन
बीना
स्वर्गवास दिनांक
06.04.2021

नोट - प्राप्त जानकारी अनुसार प्रकाशन किया गया है । किसी भी त्रुटि के लिए हृदय से खेद है ।

विनम्र श्रद्धांजलि

श्री रमेशचंद
हीरालाल जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
07.04.2021

श्री अभयकुमार
फूलचंद जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
07.04.2021

श्री गोरेलाल जैन
इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
08.04.2021

श्रीमती लीलादेवी
कोमलचंद जैन, शाजापुर
स्वर्गवास दिनांक
06.04.2021

श्री स्वरुपचंद जैन
भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
09.04.2021

श्री संतोषकुमार
झुन्नीलाल जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
11.04.2021

श्रीमती शशिदेवी
प्रकाशचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
12.04.2021

श्रीमती कमलादेवी
बद्धूलाल जैन, कानपुर
स्वर्गवास दिनांक
13.04.2021

श्री श्रीपाल
अभिनदंन जैन, बिरघा
स्वर्गवास दिनांक
14.04.2021

श्री राजकुमार
माणकचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
16.04.2021

श्री अनिलकुमार जैन
तेहरका
स्वर्गवास दिनांक
16.04.2021

श्री निर्मलकुमार जैन
बछौडा
स्वर्गवास दिनांक
16.04.2021

श्रीमती संगीता
अरविंदकुमार जैन, जबलपुर
स्वर्गवास दिनांक
18.04.2021

श्री सुधीरकुमार
महेन्द्रकुमार जैन, तालबेहट
स्वर्गवास दिनांक
18.04.2021

श्री रविकुमार
सुकुमाल जैन, पवा
स्वर्गवास दिनांक
18.04.2021

श्रीमती कमलाबाई जैन
ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
18.04.2021

श्री नागेन्द्र
नरेन्द्रकुमार जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
19.04.2021

श्री सुनील कुमार जैन
डोंगरगढ़
स्वर्गवास दिनांक
19.04.2021

श्री पंकज
बाबूलाल जैन, उज्जैन
स्वर्गवास दिनांक
20.04.2021

श्री संजय कुमार
कपूरचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
19.04.2021

श्री फूलचंद जैन
भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
18.04.2021

श्रीमती मीना
वीरेन्द्र जैन, विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
20.04.2021

श्री दुलीचंद जैन
विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
20.04.2021

कु. लता पिता
ताराचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
21.04.2021

श्रीमती निर्मला
अरविंदकुमार जैन, तुमसर
स्वर्गवास दिनांक
21.04.2021

श्री कैलाशचंद जैन,
झाँसी
स्वर्गवास दिनांक
22.04.2021

श्रीमती चन्द्रप्रभा
माणकचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
22.04.2021

श्री सुरेशचंद
गुलजारीलाल जैन, डिण्डोरी
स्वर्गवास दिनांक
22.04.2021

श्री सुरेन्द्रकुमार जैन
बछौडा
स्वर्गवास दिनांक
22.04.2021

श्री शेषकुमार जैन
तालबेहट
स्वर्गवास दिनांक
22.04.2021

श्रीमती विमलादेवी
महेन्द्र जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
22.04.2021

श्री किरण
देवेन्द्रकुमार जैन, भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
23.04.2021

श्री मनीष कुमार
प्रकाशचंद जैन, झांसी
स्वर्गवास दिनांक
23.04.2021

श्री विनोद कुमार
जैन, गंजबासौदा
स्वर्गवास दिनांक
23.04.2021

श्रीमती क्षमादेवी
महेशचंद जैन, ग्वालियर
स्वर्गवास दिनांक
24.04.2021

श्री प्रदीप कुमार
भागचंद जैन, बबीना
स्वर्गवास दिनांक
24.04.2021

नोट - प्राप्त जानकारी अनुसार प्रकाशन किया गया है । किसी भी त्रुटि के लिए हृदय से खेद है ।

विनम्र श्रद्धांजलि

श्री उत्तमचंद जैन
बीना
स्वर्गवास दिनांक
24.04.2021

श्री प्रेमचंद जैन
नयाखेड़ा
स्वर्गवास दिनांक
24.04.2021

श्री ओमप्रकाश
रामदास जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
25.04.2021

श्री नेमीचंद
पंचमलाल जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
25.04.2021

श्रीमती कमलाबाई
मगनलाल जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
25.04.2021

श्री आशा
विरेन्द्र जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
26.04.2021

श्रीमती सुधा
सुरेन्द्र जैन, भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
26.04.2021

श्री वीरेन्द्रकुमार जैन
तालबेहट
स्वर्गवास दिनांक
26.04.2021

श्री शांतकुमार
लालचंद जैन, विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
27.04.2021

श्री अशोक कुमार जैन
ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
27.04.2021

श्री राजेश
बाबूलाल जैन, उज्जैन
स्वर्गवास दिनांक
28.04.2021

श्रीमती उषाकांता
अशोककुमार जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
28.04.2021

श्री अनिलकुमार जैन
तालबेहट
स्वर्गवास दिनांक
28.04.2021

श्री अजयकुमार
जीवनधर जैन, मढ़िया
स्वर्गवास दिनांक
29.04.2021

श्रीमती ज्योति
रमेशचंद जैन, कटनी
स्वर्गवास दिनांक
29.04.2021

श्री अभय कुमार
हरदास जैन, उज्जैन
स्वर्गवास दिनांक
30.04.2021

श्रीमती संतोष
कमलनयन जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
30.04.2021

श्री प्रदीपकुमार जैन
भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
30.04.2021

श्री संजय
विजय जैन, विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
30.04.2021

श्रीमती उषा
अनिलकुमार जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
01.05.2021

श्रीमती आशाबेन
बाबूलाल जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
01.05.2021

श्री विमलकुमार जैन
टीकमगढ़
स्वर्गवास दिनांक
01.05.2021

श्री रविन्द्र कुमार जैन
गंजबासौदा
स्वर्गवास दिनांक
01.05.2021

श्री महेशचंद जैन
विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
02.05.2021

श्री प्रकाशचंद जैन
गंजबासौदा
स्वर्गवास दिनांक
02.05.2021

श्री आकाश कुमार जैन
विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
02.05.2021

श्री जयकुमार जैन
तालबेहट
स्वर्गवास दिनांक
02.05.2021

श्री राजकुमार जैन
भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
05.05.2021



श्री बाबूलाल
गनपतलाल जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
06.05.2021

श्री अजीत
शीलचंद जैन, नयाखेड़ा
स्वर्गवास दिनांक
07.05.2021

श्री सचिन
सत्येन्द्रकुमार जैन, बीना
स्वर्गवास दिनांक
09.05.2021

एड. विलास
रतनचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
10.05.2021

श्री सोमचंद जैन
दिल्ली
स्वर्गवास दिनांक
10.05.2021

श्री सुभाष कुमार जैन
गंजबासौदा
स्वर्गवास दिनांक
12.05.2021

श्री जीवनधर
भुजबलप्रसाद जैन, मढ़िया
स्वर्गवास दिनांक
13.05.2021

श्रीमती कल्पनाबेन
अशोककुमार जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
14.05.2021

नोट - प्राप्त जानकारी अनुसार प्रकाशन किया गया है । किसी भी त्रुटि के लिए हृदय से खेद है ।

विनम्र श्रद्धांजलि

इंजी. विनय जैन
दिगौड़ा
स्वर्गवास दिनांक
15.05.2021

श्रीमती कुसुम
सुरेशचंद मोदी, बाकल
स्वर्गवास दिनांक
16.05.2021

श्री प्रदीपकुमार
चम्पालाल जैन, भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
15.05.2021

कु. सुरभि पिता
प्रदीपकुमार जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
17.05.2021

श्रीमती लता
सुरेशचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
03.06.2021

श्री महेन्द्रकुमार
ठाकुरदास जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
18.05.2021

श्रीमती रतनबेन
प्रेमचंद जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
15.05.2021

श्री सतीश
रामदास जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
22.05.2021

श्री छोटेलाल जैन,
बबीना
स्वर्गवास दिनांक
23.05.2021

श्री आनंदकुमार जैन
हैदराबाद
स्वर्गवास दिनांक
27.05.2021

श्री शिखरचंद
अच्छेलाल जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
24.06.2021

श्री राजेश
बाबूलाल जैन, होशंगाबाद
स्वर्गवास दिनांक
25.06.2020

श्रीमती सुमन
लक्ष्मीचंद मनोरिया, भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
24.06.2021

श्री श्रीचंद गिलोंजीलाल
जैन, अहमदाबाद
स्वर्गवास दिनांक
11.07.2021

श्रीमती मधु
नरेन्द्रकुमार जैन, तालबेहट
स्वर्गवास दिनांक
15.07.2021

श्रीमती इमरतीदेवी
वैद्य राजेन्द्रकुमार जैन, कोटा
स्वर्गवास दिनांक
22.07.2021

श्री निलेश
अंशकुमार जैन, हरपालपुर
स्वर्गवास दिनांक
-

श्री राजीव
डॉ. हुकुमचंद पवैया, ललितपुर
स्व. दि.
-

श्रीमती प्रीति
मनोज जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
08.04.2020

श्री चंपालाल
पवैया, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
07.01.2021

श्री ज्ञानचंद
फूलचंद जैन, इन्दौर
स्वर्गवास दिनांक
28.05.2021

श्री विमल कुमार
भंडारी
स्वर्गवास दिनांक
31.05.2021

श्री रमेशचंद जैन,
ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
01.07.2020

श्री विनोद
सुगनचंद जैन, विदिशा
स्वर्गवास दिनांक
23.04.2021

श्री कैलाशचंद
भगवानदास जैन, उज्जैन
स्वर्गवास दिनांक
02.04.2021

श्रीमती कुसुम
विमलकुमार जैन, ललितपुर
स्वर्गवास दिनांक
-

श्री राजेन्द्रकुमार
भंडारी
स्वर्गवास दिनांक
26.09.2020

श्री आनंद
परबचंद जैन, भोपाल
स्वर्गवास दिनांक
12.08.2020

डॉ. राजेन्द्रप्रसाद
मूलचंद जैन, नागपुर
स्वर्गवास दिनांक
14.09.2020

गोलालारीय दर्शन परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि ।

